दैनिक भास्कर
रांची 13-09-2025

**WORKSHOP** आईजीएनसीए की कार्यशाला

# पारंपरिक आभूषण शिल्प सिखाए

**सिटी रिपोर्टर •** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) रांची की ओर से छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनजातीय सांस्कृतिक केंद्र, जमशेदपुर में किया गया है। यह कार्यक्रम जनजातीय समुदायों के बीच पारंपरिक मनकों के आभूषण शिल्प को पुनर्जीवित करने व बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला 17 सितंबर तक चलेगी। उद्घाटन सत्र की शुरुआत टाटा स्टील फाउंडेशन के जनजातीय पहचान प्रमुख जीरेन टोपनो के उद्बोधन से हुई। क्षेत्रीय केंद्र, रांची के क्षेत्रीय निदेशक डॉ कुमार संजय झा ने स्वागत भाषण दिया और सांस्कृतिक संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। नगालैंड की शिल्पकार अनोलु सखामो व अरुणाचल प्रदेश के जॉन पलांग ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

